युवा उद्यमियों के नवाचारों से रूबरू होगा आई स्टार्ट

संदेश न्यूज। कोटा. कोटा में नवनिर्मित अत्याधुनिक इन्क्यूबेशन सेंटर के शुभारंभ से पूर्व, आईस्टार्ट राजस्थान 26 जुलाई 2022 को कोटा क्लब में एक नेटवर्किंग कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। आईस्टार्ट नेस्ट, कोटा उद्यमियों को समर्थन देने के लिए एवं सक्षम भूमिका निभाने के लिए तैयार है। कार्यक्रम का उद्देश्य शहरभर के नव संस्थापकों को एक साथ लाना एवं स्टार्टअप्स को अत्याधुनिक सुविधा युक्त 100 सीटर इनक्यूबेशन सेंटर में सीटों के लिए आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित करना है। ओआईसी स्टार्टअप राजस्थान तपन कुमार युवा उद्यमियों से रूबरू होंगे एवं कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। इस कार्यक्रम के आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित लगभग 75 स्टार्टअप्स के भाग लेने की उम्मीद है। कार्यक्रम में उद्यमियों के आपसी संवाद को आसान बनाने हेतु नेटवर्किंग की सुविधा के लिए कुछ दिलचस्प सत्र, प्रस्तुति एवं पैनल चर्चा की योजना है। इस आयोजन से आईस्टार्ट परिवार के विकास के लिए कार्यक्रम में नए नामांकन प्राप्त करते हुए सभी स्टार्टअप्स को एक साथ लाने की उम्मीद है।